# राजकीय महाविद्यालय, हाँसी

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(03 अप्रैल, 2018)

के अवसर पर

प्राचार्या

## श्रीमती सविता मान, एच.ई.एस.– I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2017–2018

## मुख्य अतिथि :–

**डॉ0 के0एस0 ग्रेवाल, अधिष्ठाता (कृषि महाविद्यालय)**
**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार**

# वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय मुख्य अतिथि महोदय डॉ0 के0एस0 ग्रेवाल, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, उपस्थित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द, कर्मचारी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों, राजकीय महाविद्यालय, हांसी के इस 49वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पावन वेला में आपका सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

आज हमारे मध्य डॉ0 के0एस0 ग्रेवाल अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार को पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है। महोदय ! आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित है तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना कर्त्तव्य समझती हूँ । डॉ0 के0एस0 ग्रेवाल का जन्म वर्ष 1959 में भिवानी जिलें के बामला गांव में श्री टेकराम ग्रेवाल के घर हुआ। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा गांव बामला में प्रारम्भ हुई तथा आपने मैट्रिक की परीक्षा राजकीय उच्च विद्यालय, बामला से सन् 1975 में प्रथम श्रेणी में मैरिट के साथ उतीर्ण की । इसके पश्चात् आपने बी0एससी0 ऑनर्स (Agriculture) की परीक्षा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से सन् 1980 में स्वर्ण पदक सहित भारत सरकार की राष्ट्रीय छात्रवृति के साथ उतीर्ण की । तत्पश्चात् एम0एससी0 (Agriculture Soil Science) की परीक्षा सन् 1982 में मैरिट सहित उतीर्ण की । इसके बाद आपने Lincon University Christchurch, Newzealand से 1992 में पी0एचडी0 की उपाधि प्राप्त की । यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इन्होंने अपनी प्रत्येक परीक्षा विशेष योग्यता (Distinction) के साथ उतीर्ण की है। आपकी प्रथम नियुक्ति सन् 1982 में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में Assistant Scientist के रूप में हुई । सन् 2003 में आप Principal Scientist के पद पर नियुक्त हुए । सन् 2015 में आप Project Director के पद पर विराजमान हुए। सन 2017 में Associate Dean College of Agruculture बने तथा सन 2017 में आपकी नियुक्ति Dean College of Agriculture के रूप में हुई । डॉ0 ग्रेवाल के अब तक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय Journal में 100 से अधिक Research Paper प्रकाशित हो चुके है। आपको 1988 में Common Wealth Scholarship प्रदान की गई । आप 2005 व 2009 में University of Applied Science Osnabrueck, Germany के Visiting Scientist रहे । आपको 2010 में University of Applied science में DAAD Fellowship मिली। आपको वर्ष 2015 में International Potash Institute fertilizer Association of India के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया । वर्तमान में डॉ0 ग्रेवाल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , दिल्ली द्वारा Institutioal Develpmenet Plan के तहत 23.8 करोड़ का प्रोजैक्ट मिला है । उपरोक्त के अतिरिक्त डॉ0 ग्रेवाल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् तथा अन्य Scientific Concils/Institutions के अधीन अनेकों Research project पर काम कर चुके है। डॉ0 ग्रेवाल की गिनती भारत के प्रमुख कृषि वैज्ञानिकों में की जाती है । आप जर्मनी, फ्रांस, सिंगापुर, न्यूजीलैण्ड आदि अनेक देशों की यात्रा कर चुके है । आपका पूरा परिवार न्यूजीलैण्ड में ही रह रहा है तथा आपका न्यूजीलैण्ड व भारत के बीच आना जाना लगा रहता है। डॉ0 के0एस0 ग्रेवाल जी स्वभाव से मृदुल, विनम्र एवं सबको साथ लेकर काम करने की भावना में युक्त है । आपका स्नेहपूर्ण स्वभाव एवं मधुर व्यवहार सबको सहजता से अपनी ओर आकर्षित करता है ।

महोदय ! शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया । मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका अभिनन्दन करती हूँ ।

**महाविद्यालय परिचय :–**

राजकीय महाविद्यालय, हांसी की स्थापना वर्ष 1968 में एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई । 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ । महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 73 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है । वर्ष 2012 से महाविद्यालय में एम0.कॉम की कक्षाऐं सुचारू रूप से चल रही है ।

महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0. तथा बी0.एस0.सी0. के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 2100 हैं । आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 47 पद स्वीकृत है जिसमें 20 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं कार्यरत है तथा 27 पद रिक्त है तथा 14 अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं ।

**शैक्षणिक उपलब्धियाँ–**

महाविद्यालय की बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया, बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा हिना और मनु, बीकॉम0 प्रथम वर्ष खुशबू तथा बी0एससी0 तृतीय वर्ष साक्षी, भावना व भावना , बी0एससी0 द्वितीय वर्ष की भव्या, गीता व पारूल और बी0एससी0 प्रथम वर्ष की शिल्पा व बबली ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढाया है।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र है ।

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

सत्र 2017–18 में वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया ।

सत्र के आरम्भ में महाविद्यालय में प्रतिभा–खोज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16.9.2017 को किया गया । जिसमें भाषण, कविता पाठ, नृत्य, गायन वादन व पेंटिंग–रंगोली जैसी विधाओं का आयोजन करवाया गया ।

राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आयोजन दिनांक 10 से 14 अकतुबर,2018 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में हुआ, जिसमें महाविद्यालय की सांग, रागनी, ड्यूट रागनी, समूह नृत्य, एक्ल नृत्य आदि टीमों ने भाग लिया, जिसमें हरियाणवी रागनी में बी0ए0 तृतीय वर्ष के बिंटूलाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व अन्य टीमों को प्रदर्शन भी सराहनीय रहा ।

विश्वविद्यालय युवा समारोह का आयोजन दिनांक 01 से 04 नवम्बर, 2017 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया । जिसमें महाविद्यालय की सांग टीम ने प्रथम स्थान तथा हरियाणवी

रीति–रिवाज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसके अलावा एकल नृत्य व समूह नृत्य द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी गई ।

अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता (स्वर्ण जयंती उत्सव 2018) में महाविद्यालय में दिनांक 7–8 फरवरी, 2018 को हरियाणवी रीति–रिवाज, भूगोल व गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण, कविता पाठ, पेंटिंग, रंगोली, संस्कृत श्लोकोच्चारण का आयोजन करवाया गया । जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाषण में प्रथम, संस्कत श्लोकोच्चारण में प्रथम तथा हरियाणवी रीति–रिवाज में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

**खेल–कूदः–**

सत्र 2017–18 में राजकीय महाविद्यालय हांसी की 19 टीमों ने अर्न्त महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें 13 पुरूष वर्ग व 6 महिला वर्ग की टीमें थी। महाविद्यालय की टीमों ने वुशु पुरूष वर्ग मे प्रथम, महिला वर्ग में द्वितीय व ऑलओवर प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की टीमें कॉस कन्ट्री पुरूष व महिला वर्ग, हैडबॉल में पुरूष वर्ग, टाईक्वांडों में पुरूष व महिला वर्ग, कुश्ती में महिला व पुरूष वर्ग तृतीय स्थान पर रहीं । महाविद्यालय के 9 खिलाड़ियों ने अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेकर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है इसके अतिरिक्त 6 खिलाड़ियों ने उत्तर अन्तर्विश्वविद्यालय  में भाग लिया । रितु बी0ए0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 96330333 ने अन्तर्विश्वविद्यालय  कुश्ती प्रतियोगिता जोकि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक मे आयोजित की गई उसमें भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है । इसी छात्रा ने अभी हाल ही में पंजाब राज्य द्वारा आयोजित पंजाब दंगल में तृतीय स्थान प्राप्त कर हरियाणा व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। सत्र 2017–18 में महाविद्यालय ने इन्टर कॉलेज चैस व इन्टर कॉलेज वुशु महिला व पुरूष प्रतियोगिताओं का सफतापूर्वक आयोजन किया है । इन सभी के लिए शारीरिक शिक्षा की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी सैनी बधाई की पात्र है ।

**राष्ट्रीय सेवा योजनाः–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 100–100 स्वयं सेवकों की दो ईकाइयां कार्यरत है । जिसमें महिला वर्ग में श्रीमती रजनी सैनी एवं पुरूष वर्ग में श्री कपिल कुमार कार्यक्रम अधिकारी अपना–अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है । सत्र 2017–18 में 12 अगस्त को राष्ट्रीय युवा दिवस दोनों ईकाइयों द्वारा मनाया गया जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्चछता की शपथ ली गई। वन महोत्सव के अवसर पर स्वयं सेवकों ने 100 वृक्षों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण की शपथ ली। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया।

दिनांक 05 सितम्बर को अध्यापक दिवस मनाते हुए इस अवसर पर Essay Writing प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया । दिनांक 04 अक्तुबर को एक

द्विवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दोनो ईकाइयों के 200 से भी अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया व महाविद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई की ।

दिनांक 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस दोनो ईकाईयों के स्वयं सेवकों ने अत्यन्त उत्साह से मनाया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पांच स्वयं सेवक व एक प्राध्यापक काउंसलर ने रैड क्रॉस सोसाईटी हिसार द्वारा आयोजित सात दिवस शिविर में भाग लिया व कैम्प की भिन्न–भिन्न गतिविविधियों में भाग लेकर अपना उच्च प्रदर्शन दिया। इस सत्र की विशेष उपलब्धियों में महाविद्यालय के स्वयं सेवक दीपक कुमार, बी0एससी0 तृतीय वर्ष ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में भाग लिया व स्किट राईटिंग प्रतियोगिता में सयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

दिनांक 27 मार्च 2018 को रेड क्रॉस सोसाईटी हिसार के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया जिसमें सभी स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ कर भाग लिया व 132 यूनिट रक्तदान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया। दिनांक 18 मार्च से 24 मार्च तक महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 स्वयं सेवकों ने भाग लिया इसमें टिंकू राम बी0ए0 तृतीय वर्ष को Best Volunteer तथा अरूण कुमार बी0एससी0 तृतीय वर्ष को best Camper चुना गया । इसी तरह महिला वर्ग में ज्योति बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष को Best Voluneter तथा भावना बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष को Best Camper घोषित किया गया ।

**<u>एन.सी.सी :–</u>**

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 आर्मी विंग की एक प्लाटून 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के अन्तर्गत कार्यरत है, जिसमें कुल 53 कैडेट को एनरोल किया जाता है।

एन0सी0सी0 कैडेट को वर्ष भर में प्रशिक्षण देने हेतु 40 परेड का आयोजन करवाया गया जिसमें ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण सेनाओं का संगठन, युद्ध कौशल, मानचित्र अध्ययन, राष्ट्रनिर्माण आपदा प्रबंधन, नेतृत्व व समाज सेवा जैसे विषयों के बारे में बताया गया ।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस व 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जाने वाली परेड (शहीद स्टेडियम हांसी) में महाविद्यालय की एन0सी0सी0 प्लाटून ने भाग लिया ।

24 अक्तुबर से 07 नवम्बर तक आयोजित किए आर्मी अटैंचमैंट कैम्प में अबोहर (पंजाब) मे 5 कैडेटस ने भाग लिया ।

24 अक्तुबर से 02 नवम्बर तक आयोजित हुए संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के 25 कैडेटस ने भाग लिया । जिसमें शिविर के दौरान हुई प्रतियोगिताओं में निशानेबाजी में कैडेट प्रवीन कुमार सर्वश्रेष्ठ रहे तथा कैडेट अंकित कुमार ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

31 जनवरी से 05 फरवरी, 2018 तक हरियाणा उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित विंटर एडवेंचर कैम्प में एन0सी0सी0 के 5 कैडेट ने भाग लिया जिसका आयोजन मनाली (उत्तराखण्ड) में किया गया।

एन0सी0सी0 की गत वर्ष हुई “C” Certificate परीक्षा में 14 में से 12 तथा “B” Certificate परीक्षा में 20 में से 18 कैडेट सफल रहे।

## रेड रिबन कल्ब :–

रेड रिबन कल्ब द्वारा वर्ष भर अनेक गतिविधियां करवाई गई जैसे कि 1 से 15 अक्तुबर, 2017 तक पाक्षिक कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता तथा वाद–विवाद प्रतियोगिता करवाई गई । 12 जनवरी 2018 को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने प्रथम स्थान व बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष के छात्र यश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसी प्रकार नारा लेखन प्रतियोगिता में बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशबू ने प्रथम व प्रीति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कल्ब द्वारा 23 फरवरी 2018 को महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न करवाई गई। इनके सबके लिए श्री अनिल कुमार एंव श्री विजय कुमार यादव बधाई के पात्र है।

## महिला प्रकोष्ठ :–

1. 11 से 16 सितम्बर, 2017 तक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कपड़ों की सिलाई तथा डिजाईन बनाने बताए गए ।
2. 7 अक्तुबर, 2017 को मेहन्दी रचाओं प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें पूजा, बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष ने पहला स्थान प्राप्त किया, शिल्पा बी0एससी0 द्वितीय वर्ष ने दूसरा स्थान तथा प्रीती और कविता बी0ए0 प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।
3. 15 से 17 फरवरी, 2018 तक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भिन्न–भिन्न प्रकार के पेय तथा खाद्य पदार्थ बनाने सिखाए गए । इन सब गतिविधियों को सम्पन्न करवाने के लिए प्रभारी श्रीमती सुमन लता बधाई की पात्र है।

## कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लेसमैंट सैल कार्यरत है इसके प्रभारी श्री कर्मवीर सिंह सिहाग है। सैल के माध्यम से समय–समय पर अनेक गतिविधियां संचालित की जाती है प्लेसमैंट सैल की ओर से दिनांक 10 से 14 अक्तुबर, 2017 तक पांच दिवसीय वर्कशॉप आयोजित करवाई गई । माहविद्यालय के 25 छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय हिसार में दिनांक 30 अक्तुबर से 03 नवम्बर, 2017 तक होने वाले रोजगार मेले (Job Fair) में भाग लिया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में 04 विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए ।

## शैक्षणिक भ्रमण :–

इस वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए विभाग द्वारा दो लाख रूपए की अनुदान राशि प्रदान की गई । विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया । विद्यार्थियों के 44 सदस्यीय दल ने दिनांक 12.02.2018 से 16.02. 2018 तक श्री देवेन्द्र सिंह मलिक एवं श्री कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में राजस्थान के उदयपुर, पुष्कर, माऊंट आबू,

चितौडगढ आदि स्थलों का भ्रमण करके वहां की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की जानकारी प्राप्त की । लडकियों का एक दल 21 से 25 फरवरी, 2018 तक श्रीमती सुमन लता एवं श्री कपिल कुमार के नेतृत्व में चण्डीगढ आनन्दपुर साहिब धर्मशाला, डलहौजी आदि स्थानों के शैक्षणिक भ्रमण पर रहा और इन स्थानों के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की ।

## मैरिट स्कोलरशिपः–

श्री जोगिन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0 कॉम0 कक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 83,000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई तथा एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को भी इसी स्कीम के तहत 26,000/– की राशि वितरित की गई। **Under Graduate Merit Scholarship to Girls Students Scheme (Fresh)** के अन्तर्गत प्रथम वर्ष की 10 छात्राओं को प्रति छात्रा 3000/– रू कुल 30,000/– की राशि प्रदान की गई । **Under Graduate Merit Scholarship to Girls Students Scheme (Renewal)** के अन्तर्गत द्वितीय व तृतीय वर्ष की 11 छात्राओं को प्रति छात्रा 3,000/– रू कुल 33,000/– की राशि प्रदान की गई । कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा University Merit Scholarship के तहत् दो छात्राओं को रू0 200/– प्रति माह छात्रवृति दी गई । राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए महाविद्यालय में संस्कृत भाषा पढने वाले छात्रों के आवदेन भेजे गए जिसमें से 11 विद्यार्थियों की छात्रवृति प्रदान की गई है। Central Sector Scheme के तहत बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0 तथा बी0सी0ए0 प्रथ्म वर्ष के विद्यार्थियों के ऑन–लाईन छात्रवृति फार्म भरवाए गए ।

श्रीमती रजनी सैनी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में 478 अनुसूचित जाति के छात्रों को किताबों व छात्रवृति के लिए हरियाणा सरकार की योजनानुसार अनुसार राशि महाविद्यालय द्वारा वितरित की जा चुकी है । इसके साथ डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में महाविद्यालय के बी0सी0 वर्ग के 301 विद्यार्थियों को निदेशालय द्वारा सीधे खाते में छात्रवृति प्रदान की जाएगी ।

## महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–

## संस्कृत साहित्य परिषदः–

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद जोगिन्द्र सिंह एंव श्री कर्मबीर सिहाग के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अर्न्तगत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन एंव श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा महाविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता में संजीव तथा सोनाली ने संस्कृत श्लोकोच्चारण में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

**हिन्दी साहित्य परिषदः–**

हिन्दी साहित्य परिषद श्री जोगिन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही । इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया । महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों ने हरियाणा स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया । महाविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाषण में शालू ने प्रथम तथा उर्विका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**अंग्रेजी साहित्य परिषद :–**

अंग्रेजी साहित्य परिषद द्वारा दिनांक 31.03.2018 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें बी0एससी0 तृतीय वर्ष की उर्विका ने प्रथम बी0एससी0 द्वितीय वर्ष की शिल्पा ने द्वितीय स्थान तथा बी0ए0 तृतीय वर्ष की शालू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसके लिए अंग्रेजी परिषद बधाई की पात्र है।

**गणित परिषदः–**

गणित परिषद डॉ0 हर्षा के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । गणित विभाग की विद्यार्थियों योगेश, शिल्पा तथा गौरव ने राजकीय महाविद्यालय सिद्धरावली में आयोजित अर्न्त महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसी प्रकार महाविद्यालय के विद्यार्थियें बबली, गौरव तथा शिल्पा ने राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयाजित अर्न्त महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । महाविद्यालय की छात्रा शिल्पा ने व्यक्तिगत गणितिय प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में सत जिन्द कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । महाविद्यालय के विद्यार्थियों अमन, बबली तथा योगेश ने राजकीय महाविद्यालय, हांसी में आयोजित अर्न्त महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । इसके लिए महाविद्यालय का गणित विभाग व प्रभारी डॉ0 हर्षा बधाई के पात्र है ।

**भूगोल परिषदः–**

महाविद्यालय की भूगोल परिषद वर्षभर डॉ0 प्रदीप वर्मा एवं डॉ0 राजकुमार यादव के नेतृत्व में कार्यरत रही जिसमें निम्नलिखित गतिविधियां में भाग लिया तथा उपलब्धियां प्राप्त की :

1. दिनांक 15.09.2018 को नेकी राम राजकीय महाविद्यालय रोहतक में आयोजित अर्न्त महाविद्यालय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा विजयोपहार (Running Trophy) पर कब्जा किया । प्रतिभागी राजेश कुमार, बी0ए0 तृतीय वर्ष रोल नं0

151096 सुमेश कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष, रोल नं0 151288 तथा कुमारी पुष्पा बी0ए0 तृतीय वर्ष रोल नं0 151465 बधाई के पात्र है ।

2. दिनांक 27.09.2017 को सत जिंद कल्याणा महाविद्यालय रोहतक में भूगोल विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय हांसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चल विजयोपहार (Running Trophy) पर लगातार दूसरी बार कब्जा किया ।
3. दिनांक 27.10.2017 को राजकीय महाविद्यालय सिद्धरवाली (गुरूग्राम) में भूगोल विभाग द्वारा Geography Map Entries Competition तथा Geogarphy Map and Geogarphical Feature Identification competition में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व राजेश कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष 151096 ने किया तथा इन दोनो प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
4. दिनांक 07.02.2018 को 'स्वर्ण जयन्ती उत्सव' के दौरान राजकीय महाविद्यालय हांसी में भूगोल विभाग द्वार Inter College Geography Quiz contest का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 19 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया हमारे महाविद्यालय की ओर से सुमेश कुमार बी0ए0 तृतीय समैस्टर 151288 पंकज कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष 151052 तथा राजेश कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष 151096 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
5. दिनांक 23.02.2018 को राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार द्वार State Level Geography Quiz Contest का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की ओर से सुमेश कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष 151288, पंकज कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष 151052 तथा राजेश कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष 151096 की टीम ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इन सभी उपलब्धियों के लिए डॉ0 प्रदीप वर्मा व डॉ0 राजकुमार एवं समस्त भूगोल विभाग बधाई का पात्र है।

**कम्प्यूटर साईंस परिषद :–**

महाविद्यालय स्तर पर कम्प्यूटर विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 27 जनवरी, 2018 को किया जिसमें 11 टीमों ने भाग लिया जिसमें बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष के अमित, ज्योति एवं राजपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । महाविद्यालय स्तर पर "पॉवर पॉईन्ट प्रस्तुति" प्रतियोगिता में बी0सी0ए0 प्रथम वर्ष की काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जोकि 27 जनवरी, 2018 को आयोजित की गई। इन सभी गतिविधियों के लिए सफलतापूर्वक संचालन के लिए डॉ0 बन्ता सिंह जांगडा, श्रीमती सुमन लता व श्री कपिल कुमार बधाई के पात्र है।

**वाणिज्य परिषद :–**

20.03.2017 को महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 08 टीमों ने भाग लिया । इसमें रीतू एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष, यश बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष व कौशल्या बी0कॉम0 प्रथम वर्ष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मन्दीप एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष,

प्रेरणा बी0कॉम0 तृतीय वर्ष तथा प्रीति बी0कॉम0 प्रथम वर्ष की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा गुंजन एम0कॉम0 प्रथम वर्ष, ज्योति बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष तथा सविता बी0कॉम0 प्रथम वर्ष की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष, वाणिज्य श्री शामेन्द्र सिंह बामल ने की । प्रश्नोत्तरी संचालक की भूमिका श्री शिवरत्न मित्तल, सहायक प्रोफैसर वाणिज्य, स्कोरर की भूमिका श्री सुरेन्द्र कुमार, सहायक प्रोफैसर वाणिज्य व श्रीमती सुनीता सहायक प्रोफैसर वाणिज्य व टाईम–कीपर की भूमिका श्री मनोज कुमार सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य ने निभाई । श्री अनिल कुमार सहायक प्रोफैसर वाणिज्य, श्री शिव कुमार, सहायक प्रोफैसर वाणिज, श्री विजय कुमार, सहायक प्रोफैसर वाणिज्य व श्रीमती शिल्का, सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य ने अनुशासन कायम रखने की भूमिका निभाई ।

**इतिहास परिषद :–**

इतिहास परिषद वर्ष भर श्री देवेन्द्र सिंह लाम्बा एवं श्री किशनपाल के नेतृत्व में कार्यरत रही । इतिहास विभाग द्वारा 22.03.2018 को शहीदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई । इसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में उर्विका बी0एससी0 तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, हेमन्त बी0ए0 प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा हिना बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । दिनांक 31.03.2018 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । इन गतिविधियों के सफल संचालन के लिए परिषद धन्यवाद की पात्र है।

**विज्ञान परिषद :–**

महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

रसायनशास्त्र विभाग द्वारा विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन करवाया गया इसके अतिरिक्त विभाग ने विज्ञान प्रयोग एवं पोस्टर प्रस्तुतिकरण विषय पर लगभग 30 विषयों पर प्रयोगात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जटिल रासायनिक तत्थों को सरल तरीके से समझाया गया । इसके लिए परिषद धन्यवाद की पात्र है।

**लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)**

महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता के लिए कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। श्री देवेन्द्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ की ओर से महाविद्यालय में दिनांक 21.02.2018 को Essay Writing, Slogan Writing, Speech, Peom Recitation, Painting आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा महाविद्यालय की ओर से दो विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय हिसार में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

**अर्नव्हाईल यू लर्न–**

महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार अर्न व्हाईल यू लर्न नीति के अन्तर्गत सरकार द्वारा 2,25,000 /– रूपये की राशि प्राप्त हुई जो लगभग 180 विद्यार्थियो में वितरित की गई । इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ0 राजकुमार बधाई के पात्र हैं ।

**बर्सर :–**

श्री शामेन्द्र सिह बामल, सहायक प्रोफैसर वाणिज्य महाविद्यालय में बर्सर का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे है

**महाविद्यालय पत्रिका :–**

छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका 'तीज' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है ।

**कार्यालय :–**

महाविद्यालय के कार्यालय में श्री अनिल कुमार, सहायक श्री देवा सिंह, लिपिक श्री सन्नी चौहान, लिपिक तथा श्री सोमबीर, लिपिक अपना–अपना कार्य नियमित व पूरी निष्ठा से निभा रहे है । महाविद्यालय के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी अपना–अपना कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लगन से कर रहे है।

**नियुक्तियाँ एंव स्थानान्तरण :–**

वर्तमान सत्र में वाणिज्य संकाय में श्री विजय यादव, श्री अजमेर सिंह, श्री अनिल कुमार, श्री शिवकुमार तथा श्री सुरेन्द्र कुमार एवं मनोविज्ञान विभाग में श्रीमती एकता ने सहायक प्रोफैसर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की तथा कार्यालय में श्री सोमबीर ने लिपिक के पद पर नियुक्ति प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया तथा श्री जोगिन्द्र सिंह ने राजकीय महाविद्यालय आदमपुर से तथा डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा ने राजकीय महिला महाविद्यालय बवानीखेड़ा से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया ।

**व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–**

(1) कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा के दो शोधपत्र अन्तर्राष्ट्रीय शोधपत्रिका में प्रकाशित हुए ।

(2) डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा ने राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर (हिसार) के कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रस्तुति दी ।

(3) कम्प्यूटर विभाग की सहायक प्रोफैसर श्रीमती सुमन लता ने राजकीय महाविद्यालय, साहा शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(4) श्रीमती सुमन लता ने मानव संसाधन विकास केन्द्र, जयपुर ( राजस्थान ) में सात दिवसीय अल्पावधि पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

(5) श्रीमती सुमन लता ने राजकीय महाविद्यालय, हिसार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प में भाग लिया ।

(6) कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैस्र श्री कपिल कुमार ने राजकीय महाविद्यालय, साहा ने शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(7) डॉ0 हर्षा सहायक प्रोफैसर, गणित ने अपने दो शोध पत्र International Conference of Indian Academy of Physical Science गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में प्रस्तुत किए।

(8) श्री शिव रत्न, सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित Research Methodology विषय पर दिनांक 06 से 11 नवम्बर में साप्ताहिक कार्यशाला में भाग लिया ।

(9) श्री शिव रत्न, सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य ने राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया व अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(10) डॉ0 सत्येन्द्र कुमार यादव ने G.J.U, Hisar में साप्ताहिक कार्यशाला में भाग लिया तथा RKSD College Kaithal में राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेकर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

**पुस्तकालय :–**

वर्तमान पुस्तकालय नयी बिल्डिंग में सुचारू रूप से कार्यरत है जिसमें 26,143 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं । पुस्कालय में प्रति दिन 11 समाचार पत्र तथा 10 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं ।

**शोकप्रस्ताव नामोल्लेख :–**

वर्तमान सत्र में हमने एक होनहार छात्रा को खो दिया तथा महाविद्यालय परिवार की सदस्या श्रीमती रजनी सैनी, सहायक प्रोफैसर शारीरिक शिक्षा के पुत्र यश का आकस्मिक निधन हो गया । हम ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करते है ।

**सेवानिवृत्ति :–**

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय से श्री रामफल सिंह, उप–अधीक्षक के पद से 30 सितम्बर, 2017 को तथा श्री देवेन्द्र सिंह मलिक, एसोसियेट प्रोफैसर, राजनीतिशास्त्र 31 मार्च, 2018 को सेवानिवृत हुए है।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–**

महाविद्यालय की अनेक आवश्यकताओं को सरकार ने पूरा कर दिया हैं फिर भी कुछ आवश्यकताएं हैं :–

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए प्राध्यापकों की कमी है ।
2. कार्यालय मे कर्मचारियों की भी कमी है ।

3. महाविद्यालय में पार्किंग शेड नहीं है जिससे स्टाफ एवं विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है।
4. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बढती हुई संख्या के अनुसार एक टीचिंग ब्लॉक की अत्यन्त आवश्यकता है क्योंकि हमें अधिकतर कक्षाए बाहर खुले मैदान में लगानी पड़ती है।
5. महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुरूष व महिला कांस्टेबल की आवश्यकता है ।
6. महाविद्यालय की लाईब्रेरी के साथ अध्ययन कक्ष की आवश्यकता है ।

<u>आभार प्रदर्शन :–</u>

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करती हूं जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीया प्रधान सचिव तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूॅ ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. तथा समस्त मीडिया आभार के पात्र है ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्री कर्मवीर सिहँ सिहाग सहायक प्रोफैसर, संस्कृत, तथा श्रीमती सुमन लता सहायक प्रोफैसर कम्प्यूटर साईंस का मैं आभार व्यक्त करती हूँ । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करती हूँ।